प्रादेशिक समाचार
दिनांक–29.04.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले में पांच सौ चौरानब किलोमीटर लंबे गंगा एक्सप्रेसवे का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि बुनियादी ढांचा देश की तीव्र प्रगति और महत्वाकांक्षा को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार गंगा हजारों वर्षों से उत्तर प्रदेश की जीवनरेखा रही है, उसी प्रकार यह एक्सप्रेसवे भी राज्य के विकास की नई जीवनरेखा बनेगा।

****

राज्य के मुख्य सचिव अविनाश कुमार ने संविदा पर नियुक्ति कर्मियों को वित्तीय कार्यों से दूर रखने का आदेश दिया है। उन्होंने ट्रेजरी से वेतन सहित अन्य मदों में हुई फर्जी निकासी के मद्देनजर यह आदेश जारी किया है। साथ ही आदेश में कहा गया है कि लंबे समय से वित्तीय कार्य से जुड़े वरीय लेखा सहायक, लेखा सहायक, लेखा अधीक्षक, लेखापाल और विपत्र लिपिक का तबादला किया जाये।

****

राज्य के करीब पैंतालीस हजार सहायक अध्यापकों के लिए आज राहत भरी खबर आई है। शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी के साथ हुई बैठक में शिक्षकों की मांगों पर सकारात्मक सहमति बनी है। मंत्रियों ने भरोसा दिलाया है कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद सरकार वेतनमान पर निर्णय लेगी और किसी भी अध्यापक की नौकरी नहीं जाएगी। साथ ही अनुकंपा पर बहाली की प्रक्रिया को भी सरल बनाया जाएगा।

****

पश्चिमी सिंहभूम के टोंटो और गोइलकेरा थाना क्षेत्र में आज तड़के सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच भीषण मुठभेड़ हुई है। रूटुगुटू के जंगलों में सर्च ऑपरेशन पर निकले कोबरा 209 बटालियन के जवानों पर नक्सलियों ने हमला कर दिया, जिसका सुरक्षा बलों ने मुंहतोड़ जवाब दिया। जिला एसपी अमित रेनू ने पुष्टि की है कि रुक–रुक कर फायरिंग अब भी जारी है और पूरे इलाके को घेर लिया गया है। एक करोड़ के इनामी नक्सली मिसिर बेसरा के दस्ते के खिलाफ यह अभियान चलाया जा रहा है। सुरक्षा बल पूरी सतर्कता के साथ स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

****

राज्य में एक मई से जनगणना का प्रथम चरण शुरू होगा। हजारीबाग में भी 1 मई से 15 मई तक जनगणना को लेकर सेल्फ–एन्युमरेशन का काम चलेगा। इसके बाद 16 मई से 14 जून तक मकान सूचीकरण का कार्य शुरू होगा। हजारीबाग उपायुक्त हेमंत सती ने बताया कि जनगणना के आधार पर विभिन्न विकास योजनाओं का निर्माण होता है।

****

कोडरमा जिले के तिलैया थाना क्षेत्र के मडुआटांड़ स्थित एक मकान में निर्माण कार्य कर रहे एक मजदूर की 11000 हाई वोल्टेज बिजली तार के चपेट आने से मौत हो गई है। मजदूर को करंट का जोरदार झटका लगा और वह दूसरी मंजिल से नीचे जमीन पर गिर गया, जिसके बाद उसे सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृत के परिजनों ने मकान मालिक से मुआवजे की मांग की है।

****

गोड्डा पुलिस ने दोपहिया वाहन चोर गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। नगर थाना में प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक कुमार गौरव ने प्रेसवार्ता में बताया कि जमुआ हाईवे पुल के नीचे चोरी की दोपहिया वाहन बेचते समय चार आरोपियों को तीन वाहन के साथ गिरफ्तार किया गया।

****

राजधानी रांची समेत राज्य के कई इलाकों में आज हुई बारिश के बाद गर्मी से थोड़ी राहत मिली है। मौसम विज्ञान केन्द्र ने अपने तात्कालिक पूर्वानुमान में बताया है कि बोकारो, देवघर, धनबाद, गिरिडीह, जामताड़ा और कोडरमा जिले के कुछ हिस्सों में अगले कुछ घंटों में गरज के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने संभावना है। इस दौरान कुछ स्थानों पर तीस से चालीस किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवा चल सकती है।

*******समाप्त*******